# जोधपुर में फसल-बीमा की मांग को लेकर किसानों का प्रदर्शन

जोधपुर, 8 सितम्बर (वेबवार्ता)। जोधपुर के लूणी उपखंड कार्यालय के बाहर फसल बीमा की क्लेम राशि नहीं मिलने पर किसानों ने धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। किसानों ने मुआवजा राशि नहीं देने पर सुसाइड करने की चेतावनी भी दी है। किसानों ने बताया कि साल 2023 के समय का फसल बीमा राशि का क्लेम भी अभी तक नहीं मिल सका है। यदि इस बार भी उनकी फसल खराब हो गई तो किसान खेती के लिए बीज कैसे लेकर आएगा, खेत में बुवाई के लिए ट्रैक्टर में डीजल कहां से भरवाएगा। किसानों ने इस तरह की कई मांगों को लेकर धरना देना शुरू कर दिया। किसान जिला कलेक्टर को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़ गए। धरने पर आस पास के गांवों के किसान भी पहुंचे। बाद में SDM के 15 दिन में बीमा क्लेम राशि दिलवाने के आश्वासन पर किसानों ने धरना हटाया। किसानों ने बताया कि फसल खराब होने से मुआवजे के लिए बीमा राशि का प्रीमियम भरा था। साल 2023- 24 में खरीफ की 92 प्रतिशत फसल खराब हो गई थी। ये पटवारी की रिपोर्ट में भी है। उसके बाद भी तब से लेकर अभी तक का बीमा राशि का क्लेम नहीं मिला है।



इसमें बीमा कंपनी और जिम्मेदार अधिकारियों की भी मिलीभगत है। धरना स्थल पर लूणी, सतलाना, धांधिया, शिकारपुरा, सरेचा, विष्णुनगर, दूदिया, राजौर, रेंदड़ी सहित कई गांवों के किसान मौजूद रहे। किसानों की प्रमुख मांगे बीमा क्लेम की राशि तुरंत दी जाए जिला कलेक्टर आकर क्लेम राशि दिलवाने का आश्वासन दें क्लेम नहीं मिलने से किसान अपने खेत में बुवाई के लिए बीज कहां से लाएगा।

# परिवार संग सो रही बच्ची पर जानवर ने किया हमला

जोधपुर, 8 सितम्बर (वेबवार्ता)। जोधपुर में परिवार के साथ सो रही 8 साल की बच्ची पर अज्ञात जानवर ने हमला कर दिया। हमले में रिंकू नाम की बच्ची घायल हो गई। परिजन इलाज के लिए भोपालगढ़ के स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। यहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जोधपुर रेफर किया गया है। घटना भोपालगढ़ क्षेत्र की है। क्षेत्र के लोग भेड़िये जैसा जानवर देखने का भी दावा कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार अपने घर के बाड़े में निशा पुत्री रिंकू मेघवाल निवासी गारासनी अपने परिवार के साथ सो रही थी। यहां सोमवार अल सुबह 4 बजे के करीब अज्ञात जानवर ने हमला कर दिया। इससे बच्ची के चेहरे पर चोट आई। परिजन उसे तुरंत स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। यहां से उसे जोधपुर रेफर कर दिया गया। हालांकि अज्ञात जानवर कौन था, इसका पता नहीं चल सका है। वहीं, वन विभाग की टीम भी मौके से मिले पदचिन्हों के आधार पर अज्ञात जानवर का पता लगाने में जुटी हुई है। इधर घटना सामने आने के बाद आस पास के इलाकों में अज्ञात जानवर से दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के मुताबिक हमला करने वाला जानवर भेड़िया हो सकता है।

# जोधपुर में लूणी नदी में तेज बहाव, गांवों से संपर्क कटा

जोधपुर, 8 सितम्बर (वेबवार्ता)। जोधपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के चलते कई जगहों पर पानी का भराव है। नदियों में जलस्तर बढ़ चुका है। मारवाड़ की मरुगंगा कही जाने वाली लूणी नदी में भी पानी का तेज बहाव है। लूणी विधानसभा क्षेत्र के धुंधाड़ा जाने वाले लाकड़थुंब मार्ग पर गांव का संपर्क कट गया है। इससे ग्रामीण परेशान है। जरूरत का सामान भी ग्रामीणों तक नहीं पहुंच पा रहा है। बता दें कि इसी गांव के रहने वाले जोगाराम पटेल वर्तमान में प्रदेश सरकार में केबिनेट मिनिस्टर है। लाकड़थुंब गांव जाने के दोनों रास्ते बंद बता दें कि धुंधाडा से लाकड़थुंब गांव जाने के दो रास्ते हैं। एक रास्ता लूणी नदी से होकर जाता है। दूसरा रास्ता बांडी नदी की तरफ से जाता है। बांडी नदी पर तेज बहाव के चलते रास्ता बंद है। इस कारण ग्रामीण लूणी नदी के रास्ते से आ जा रहे थे। दो दिन हुई बारिश से लूणी नदी का भी जल स्तर बढ़ गया। इस मार्ग का रास्ता भी बंद हो गया है। बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे ग्रामीणों को राशन सामग्री लाने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चे भी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। इसी गांव के पास मुख्य कस्बा धुंधाडा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। उन्होंने बताया कि पिछले चार सालों से यहां बारिश के समय इसी प्रकार के हालात बनते हैं। लूणी नदी का जलस्तर बढ़ने की वजह से उनके गांव का मुख्य कस्बा धुंधाड़ा से सम्पर्क कट जाता है। इसके चलते स्कूली बच्चे भी स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। वहीं इस हाल के बाद भी अभी तक किसी ने उनकी सुध नहीं ली है।



# धारीवाल ने डिप्टी सीएम से पूछा RIMS का पूरा नाम

जयपुर, 8 सितम्बर (वेबवार्ता)। विधानसभा में सोमवार को मत्स्य क्षेत्र संशोधन विधेयक और राजस्थान आयुर्विज्ञान विधेयक (रिम्स बिल) पास हो गया। रिम्स बिल पास होने के साथ ही सदन की कार्यवाही 9 सितंबर तक स्थगित कर दी गई। जयपुर में एम्स की तर्ज पर रिम्स बनाने की सरकार की घोषणा के तहत इस राजस्थान आयुर्विज्ञान बिल के जरिए इसे स्वायत्तता दी है। बिल में रिम्स को स्वायत्त संस्था बनाने का प्रावधान शामिल किया है। रिम्स में राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज (RUHS) का विलय होगा। आरयूएचएस और कैंसर इंस्टीट्यूट रिम्स में शामिल होंगे। रिम्स बिल में इसके गठन से लेकर गवर्निंग काउंसिल तक के प्रावधान है। रिम्स की गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष मुख्य सचिव होंगे। इसका अलग से फंड होगा। सरकार रिम्स को सालाना अनुदान भी देगी। वहीं मत्स्य क्षेत्र संशोधन विधेयक में मछली का शिकार करने पर जुर्माना 500 से बढ़ाकर 25 हजार रुपए कर दिया। दूसरी बार अपराध करने पर जुर्माना 1000 से बढ़ाकर 50 हजार रुपए किया गया है। बहस के दौरान धारीवाल-मंत्री में नोक-झोंक रिम्स बिल पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। धारीवाल ने डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा से कहा की रिम्स का पूरा नाम क्या है, पता हो तो बता दीजिए। सभापति संदीप शर्मा ने कहा कि जब बिल पर जवाब देंगे तो बता देंगे। धारीवाल ने कहा कि यह हाल है हमारे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री का कि रिम्स का पूरा नाम नहीं पता, जवाब क्या देंगे। धारीवाल की खाद्य मंत्री सुमित गोदारा से नोक-झोंक हो गई। डिप्टी सीएम का धारीवाल पर तंज डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा ने रिम्स बिल पर बहस का जवाब देते हुए कांग्रेस विधायक शांति धारीवाल पर तंज कसा। बैरवा ने कहा- आपको मैं अच्छा च्यवनप्राश लाकर दूंगा, क्योंकि आप वृद्धावस्था में हो। आपकी याददाश्त अच्छी हो। आपने बिल पर बात नहीं की और आप रिम्स को दुकान बता रहे थे। स्पीकर ने मंत्री को लगाई फटकार विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान स्पीकर वासुदेव देवनानी ने संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल को फटकार लगाई। कांग्रेस विधायक सोहनलाल नायक के चकबंदी का नोटिफिकेशन जारी करने में देरी के सवाल पर मंत्री पटेल जवाब दे रहे थे। पटेल ने कहा कि 21 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी हो गया। नेता प्रतिपक्ष सुनते जाएं। नेता प्रतिपक्ष को इंगित करते ही स्पीकर ने पटेल पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा- आप जवाब इनको दे रहे हो क्या? नो, जवाब इधर। आप स्पीकर को संबोधित करते हुए जवाब दो। इस पर पटेल ने कहा- जवाब इधर ही आ रहा है। स्पीकर के इन तेवरों को लेकर चर्चाएं हैं। बिगड़ती कानून व्यवस्था पर कांग्रेस विधायकों का प्रदर्शन बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस विधायक बिगड़ती कानून व्यवस्था के नारे लिखे हुए पोस्टर लेकर विधानसभा पहुंचे थे। भजन सरकार होश में आओ, सरकारी जमीनों की चोरी बंद करो जैसे नारे लगाए। मानसून सत्र के दौरान हर दिन किसी ने किसी मुद्दे को लेकर कांग्रेस विधायक प्रदर्शन कर रहे हैं। हंगामे और नारेबाजी के बीच ही शून्यकाल की कार्यवाही चली इससे पहले बिगड़ती कानून व्यवस्था के मुद्दे पर कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा में हंगामा किया। शून्यकाल के दौरान कांग्रेस विधायकों ने वेल में आकर नारेबाजी की। हंगामे और नारेबाजी के बीच ही शून्यकाल की कार्यवाही चली। इससे पहले नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि सदन में कानून व्यवस्था पर चर्चा होनी चाहिए। स्पीकर ने कहा कि बीएसी की बैठक में बात करेंगे। इसके बाद कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी शुरू कर दी। हंगामा चलता रहा, बहस होती रही विधेयकों पर बहस के दौरान भी हंगामा जारी रहा।


## उत्तर पश्चिम रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा द्वारा)**

**संख्या 35255479 दिनांक : 02.09.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक सामान्य भण्डार डिपो उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. मद का नाम** : 16.25 टी आईसीएफ बोगी फ्रेम अरेन्जमेंट फॉर सेल्फ जनरेशन एसी कोचेज टू डीआरजी नम्बर डब्ल्यूटीएसी 4 — 0—3—402, एएलटी एम / 3, कोल— II (वीद गाईड) & आरडीएसओ एसपीईसी. सी — 9202, आरईवी —2, द फर्म सेल फुलफिल द रिक्वायरमेंट एज पर आईसीएफ / एमडी / एसपीईसीएन. 147 ईश्यू स्टेटस 01, आरईवी. 02. पेंट स्केम सेल एज पर ड्राइंग. **2. कार्य की अनुमानित लागत** : 31683000/— (तीन करोड़ सौलह लाख तैरासी हजार रूपये मात्र) **3. बयाना राशि जो जमा करानी है** : 633660/— (छ लाख तैतीस हजार छः सौ साठ रूपये मात्र) **4. ई—निविदा जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय** 29.09.25 14:25 से पहले **ई—निविदा खोलने की दिनांक व समय** : 29.09.25 14:25 के बाद **5. वेबसाइट विवरण जहां से ई—निविदा सम्बंधित पूर्ण विवरण प्राप्त किया जा सकता है : www.ireps.gov.in 6. कार्यालय का पता जहां से निविदा जारी की गयी** : उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक कार्यालय सामान्य भण्डार डिपो उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर 342001 राजस्थान **नोटः— 1.** यह ई—निविदा है इसमें किसी भी मैन्युअल प्रस्तावो की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के मैनुअल निविदा को सरसरी तौर अस्वीकार कर दिया जाएगा **2.** निविदा दस्तावेज और बकाया राशि का भुगतान केवल आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाइट पर भुगतान गेटवे की सुविधा के माध्यम से ई—स्थानान्तरण से ही करे।

**1130-CR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

## उत्तर पश्चिम रेलवे

**ई—निविदा सूचना**

पत्र सं.— 1EL/JU/WC/2025-26/37,38,04R1& GSUELECTG02R,03R दिनांक: 04.09.2025

डी.आर.एम./बिजली, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई—निविदा आंमत्रित करते है। **1. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता : http://www.ireps.gov.in 2. ई—निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय** : 26.09.2025 को 15.00 बजे तक **3. ई—निविदाएं खोलने की तिथि व समय** : 26.09.2025 को 15.00 बजे के बाद **निविदा संख्या** : 37/2025-26 **कार्य का विवरण** : Electrical work in connection with (i) Construction of new godown of size 100feet x40feet with up gradation of floors of the ward at DSD/BGKT/JU Division (ii) Extension of Bay no.3A & 3B (Basni End) for electric loco jack point for Diesel Shed BGKT (iii) Provision of LED light fittings in pits from Bay No.5 to 6& 3A & 3B for examining locos under gear at Diesel loco Shed BGKT (iv) Provision of air conditioners in control room, conference room at ground floor at Diesel loco Shed BGKT. **अनुमानित लागत रूपये** : Rs. 6777827.76 **निविदा संख्या** : 38/2025-26 **कार्य का विवरण** : Electrical work in connection with Jodhpur~~Up-gradation/Development of maintenance facilities for other rolling stocks LHB/ICF/DEMU/MEMU/EMU). **अनुमानित लागत रूपये** : Rs. 14599847.71 **निविदा संख्या** : 04R1/2025-26 **कार्य का विवरण** : Electrical work in connection with (a) replacement of old/dilapidated quarters by 12 unit Type-II quarters at RKB under ADEN/HQ/JU. (b) Electrical work in connection with replacement of old/dilapidated quarters by 25units Type-II quarters in DS colony under ADEN/HQ. (c) Electrical work in connection with replacement of old/dilapidated quarters by 22 units Type-II quarters in old loco colony under ADEN/HQ. **अनुमानित लागत रूपये** : Rs. 10777953.06 **निविदा संख्या** : GSUELECTG02R/2025-26 **कार्य का विवरण** : Electrical work in connection with provision of raising of PF-1 from rail level to high level with 01 water tap at Bhawi halt. Bindiyad halt, Thathana Mithri halt, Mahesh Nagar halt, Khed Temple halt, Jaisindhar halt, Lilma halt grade (07) stations) **अनुमानित लागत रूपये** : Rs. 14173170.69 **निविदा संख्या** : GSUELECTG03R/2025-26 **कार्य का विवरण** : Electrical work in connection with (a) Provision of new additional high level full length platform no.2 with 03 seater benches, water booths, 03 bay platform shelters & pathway for inter platform movement of wheel chairs at Deshnok, Parihara, Kiroda, Surpura (04) stations in the section of Sr.DEN/East. (b) Provision of raising of PF-1 from rail level to high level with 01 water tap at Marwar Baliya halt, Silari halt, Loha halt, Sanvard halt, Pirwa halt, Deswal halt, Bilara halt grade (07) stations). **अनुमानित लागत रूपये** : Rs. 28758594.31 **विस्तृत जानकारी हेतु कृपया http://www.ireps.gov.in पर विजिट करें।**

**1123-CR/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें


# जयपुर में 2 मोबाइल लुटेरे गिरफ्तार

जयपुर, 8 सितम्बर (वेबवार्ता)। जयपुर की माणक चौक थाना पुलिस ने दो शातिर मोबाइल लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इन बदमाशों के पास से पुलिस ने लूटे गए दो मोबाइल फोन और एक चोरी की बाइक रिकवर की है। पकड़े गए दोनों बदमाश आदतन अपराधी हैं। इनके खिलाफ वाहन चोरी और लूट के मामले दर्ज हैं। डीसीपी नॉर्थ करण शर्मा ने बताया कि 22 अगस्त को संजय मार्केट सांगानेरी गेट जयपुर निवासी अफसार कुरेशी ने एक रिपोर्ट माणक चौक थाने में उसकी बाइक हीरो डिलक्स चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इसी प्रकार 6 सितम्बर कूचबिहार पश्चिम बंगाल निवासी विश्वजीत बर्मन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई। इसमें बताया कि वह रात में पैदल पैदल जौहरी बाजार में जा रहा था। तभी एक मोटरसाईकल सवार लड़का झपट्टा मारकर उसका मोबाइल छीन कर ले गया। पुलिस ने दोनों एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम लगाई। गठित पुलिस टीम ने घटना स्थलों के आस पास के सीसीटीवी फुटेज देखकर विश्लेषण किया। जिस से पुलिस को पता चला की मोबाइल छीनने में काम में ली गई बाइक चोरी की है। जिस पर पुलिस टीम ने बदमाशों को चिन्हित कर उन्हें डिटेन किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना अपराध करना स्वीकार किया जिस के बाद पुलिस ने सोहेल अख्तर व सलमान उर्फ सुलेमान को गिरफ्तार किया।



# नेकां अध्यक्ष, जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री ने शेख अब्दुल्ला को श्रद्धांजलि दी

श्रीनगर, 08 सितंबर (वेब वार्ता)। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला और जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को पार्टी के संस्थापक शेख मोहम्मद अब्दुल्ला को उनकी 43वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। दोनों नेताओं ने हजरतबल क्षेत्र स्थित नसीमबाग में शेख अब्दुल्ला के मकबरे पर पुष्पांजलि अर्पित की। शेख अब्दुल्ला को ''शेर-ए-कश्मीर'' कहा जाता था।



इस अवसर पर विशेष दुआओं का आयोजन भी किया गया। शेख अब्दुल्ला को जम्मू कश्मीर में भूमि सुधार (भूमि किसानों को देने का कानून) और शिक्षा का अधिकार जैसे निर्णयों के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक बदलाव लाने का श्रेय दिया जाता है। उन्हें जम्मू कश्मीर के भारत में विलय में भी एक अहम भूमिका निभाने के लिए जाना जाता है। अब्दुल्ला परिवार के अलावा, इस कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर विधानसभा के अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर, मुख्यमंत्री के सलाहकार नासिर असलम वानी, पार्टी महासचिव अली मोहम्मद सागर सहित अन्य वरिष्ठ नेता भी उपस्थित थे।

# पंजाब बाढ़ : राज्य में 780 करोड़ रुपये की स्वास्थ्य अवसंरचना को नुकसान

चंडीगढ़, 08 सितंबर (वेब वार्ता)। पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री डॉ बलबीर सिंह ने सोमवार को केंद्र सरकार से राहत पैकेज की घोषणा करने का अनुरोध किया और कहा कि प्रारंभिक अनुमान के अनुसार बाढ़ के कारण राज्य की स्वास्थ्य अवसंरचना को करीब 780 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि बाढ़ से फसलों, घरों और अन्य बुनियादी ढांचे को व्यापक नुकसान पहुंचा है। मंत्री ने संवाददाताओं से कहा, 'हमारी 130 करोड़ रुपये की मशीनें और दवाइयां क्षतिग्रस्त हो गई हैं। हमारे 1,280 औषधालयों और स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों को भारी नुकसान पहुंचा है। कुल 101 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क्षतिग्रस्त हुए हैं।' उन्होंने कहा, 'प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, अस्पताल के बुनियादी ढांचे और 780 करोड़ रुपये मूल्य की चिकित्सा सामग्री को नुकसान पहुंचा है।' उन्होंने बताया कि इसके अलावा 31 उप-मंडलीय अस्पताल भी प्रभावित हुए हैं। सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग कई गैर सरकारी संगठनों की सहायता से राज्य के बाढ़ प्रभावित गांवों में चिकित्सा सहायता उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा को पत्र लिखकर स्वास्थ्य ढांचे को हुए नुकसान का ब्यौरा दिया है। सिंह ने अपने सहकर्मी अमन अरोड़ा की उस अपील को दोहराया जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मंगलवार को अपने दौरे पर रहते हुए बाढ़ग्रस्त राज्य के लिए कम से कम 20,000 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा करने की अपील की थी।

# कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति पर तमिलनाडु से न्यायालय का सवाल, यूपीएससी को शीघ्र सिफारिश का निर्देश

नई दिल्ली, 08 सितंबर (वेब वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने एक कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति को लेकर सोमवार को तमिलनाडु सरकार से सवाल पूछा और संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) को नियमित नियुक्ति के लिए नामों की शीघ्र सिफारिश करने का निर्देश दिया।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) बी आर गवई और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति अतुल एस चंदुरकर की पीठ 31 अगस्त को जी वेंकटरमन को तमिलनाडु के पुलिस महानिदेशक के रूप में नियुक्त करने के लिए इस दक्षिणी राज्य के खिलाफ अवमानना कार्रवाई का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने पूछा, ''आपने कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति क्यों की है?'' राज्य की ओर से उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि डीजीपी की नियुक्ति नहीं की जा सकती, क्योंकि एक अधिकारी ने कैट के समक्ष एक अर्जी दायर कर पैनल में अपना नाम शामिल करने का अनुरोध किया है।

# विपक्ष के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की लालू से मुलाकात, भाजपा ने नैतिकता पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, 08 सितंबर (वेब वार्ता)। उपराष्ट्रपति पद के चुनाव से एक दिन पहले भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विपक्ष के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी सहित अन्य मसलों पर प्रतिक्रिया दी। रविशंकर प्रसाद ने उपराष्ट्रपति पद के चुनाव को लोकतंत्र की मजबूती से जोड़ा और कहा कि 9 सितंबर को वोटिंग है। एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन संवैधानिक मूल्यों के प्रति समर्पित हैं। विपक्ष का चेहरा विवादास्पद है।

उन्होंने रेड्डी की राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव से मुलाकात को निशाना बनाते हुए इसे 'पाखंड' बताया और कहा कि रेड्डी ने वोट अपील में 'देश की आत्मा बचाने' का जिक्र किया। लेकिन, चारा घोटाले में दोषी लालू से मिलना उनकी नैतिकता पर सवाल खड़ा करता है। आप किस तरह के रिटायर्ड जज हैं, जो भ्रष्टाचार के अपराधी से वोट मांगने जाते हैं? रविशंकर प्रसाद ने चारा घोटाले की याद दिलाई और कहा कि पटना हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच का आदेश दिया और सुप्रीम कोर्ट ने निष्कर्ष तक पहुंचने के निर्देश दिए।

सजा भुगतने वाले व्यक्ति से मिलना विपक्ष की सत्तालोलुपता को दिखाता है। उन्होंने रेड्डी के 2011 के सलवा जुडूम फैसले पर सवाल उठाते हुए इसे 'न्यायिक आदेश कम, वामपंथी भाषण ज्यादा' करार दिया और कहा कि यह फैसला निश्चित तौर पर माओवाद को बढ़ावा देता लगता है। अगर यह न आता तो नक्सलवाद 2020 तक खत्म हो जाता। उन्होंने स्पष्ट किया कि भाजपा सभी जजों का सम्मान करती है, लेकिन चुनावी मैदान में बड़े बयान देने पर सवाल उठना लाजिमी है।

# केरल में 'मस्तिष्क ज्वर' से एक और व्यक्ति की मौत, अगस्त से अब तक पांचवीं मौत

मलप्पुरम (केरल), 08 सितंबर (वेब वार्ता)। केरल में 'अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस' से सोमवार को एक और व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जिससे अगस्त से अब तक राज्य में इस दुर्लभ और घातक मस्तिष्क संक्रमण से मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है।

स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, मलप्पुरम जिले के वंदूर की रहने वाली 54 वर्षीय महिला को कोझिकोड स्थित सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था, जहां सोमवार को उनकी मृत्यु हो गई। इससे पहले शनिवार को वायनाड जिले के सुल्तान बथेरी निवासी 45 वर्षीय पुरुष की मौत इसी संक्रमण से हुई थी। अगस्त माह में इस बीमारी से तीन मौतें दर्ज की गई थीं।


## मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड

Muthoot Homefin

कॉर्पोरेट कार्यालय- यूनिट नंबर 19-एनई, 19वीं मंजिल, द रूबी, सेनापति बापट मार्ग, रुपारेल कॉलेज के पास, दादर (पश्चिम), मुंबई, महाराष्ट्र - 400 028

**कब्जे की सूचना** (प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार)

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत **मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड (एमएचआईएल)** के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 की धारा 13(2) के साथ नियम 3 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लेखित उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लेखित राशि चुकाने के लिए डिमांड नोटिस जारी किया जाता है। उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ता(ओं)/सह-उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) और आम जनता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ धारा 13(4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। विशेष रूप से उधारकर्ता और आम जनता को संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का लेन-देन **मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड** के अधीन होगा, जिसके अंतर्गत नीचे उल्लेखित राशि पर ब्याज भी लगेगा।

उधारकर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | उधारकर्ता(ओं)/ सह-उधारकर्ता(ओं)का नाम ऋण खाता संख्या/शाखा | सुरक्षित परिसंपत्तियों का संक्षिप्त विवरण | मांग की तिथि नोटिस और कुल बकाया राशि (रु.) | कब्ज़ा लेने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विजय वर्मा/ ओम प्रकाश सोनी/ 014-01400333/ जोधपुर | खसरा नंबर 38 ग्राम-खारदा रणधीर तहसील-जोधपुर देशांतर और अक्षांश 26*15" 28.6" एन 73''05'37,9" ई लैंडमार्क निकट आदित्य द्वारकाधीश विरासत आयु 2 और आशापूर्णा परेड जिला जोधपुर पिनकोड-342001 उत्तर-समान खसरा की शेष भूमि, दक्षिण-100 फीट रोड, पूर्व-समान खसरा की शेष भूमि, पश्चिम- वही खसरा की शेष भूमि | 24-जून-2025/ रु. 7,55,472/- सात लाख पचपन हजार चार सौ बहत्तर रूपये मात्र | 4 सितंबर 2025 |

**दिनांक : 09 सितम्बर 2025,**
**स्थान : जोधपुर**

**एसडी/- अधिकृत अधिकारी, मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड**

## आनंद राठी

**आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड :** एक्सप्रेस ज़ोन, ए विंग, 8वीं मंजिल, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे, गोरेगांव (ई), मुंबई - 400 063 भारत
**मोबाइल:** +91 9813887931 | **वेबसाइट:** www.rathi.com

**ई-नीलामी बिक्री सूचना**

इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से नीचे दिए गए ऋणी/सह-ऋणी/ओं/गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित **अनुसूची** अचल संपत्ति, अन्य बातों के साथ-साथ आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड ["ARGFL"] **(सुरक्षित लेनदार)** को सुरक्षित है, जिसका ऋण खाता संख्या **एपीपीएल00006076** है, जिसका रचनात्मक कब्जा, अनुसूची में विशेष रूप से उल्लेखित तिथि पर वेबसाइट https://www.bankeauctions.com के माध्यम से ऑनलाइन ई-नीलामी द्वारा बेचा जाएगा, अनुसूची में विशेष रूप से उल्लिखित तिथि को, ''जहां है जैसा है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर, अनुसूची में विशेष रूप से उल्लेखित कुल राशि और उस पर संविदात्मक ब्याज और उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ओं/गारंटर से वसूली की तिथि तक अन्य लागत और प्रभारों की वसूली के लिए, जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है:

**उधारकर्ता का नाम: (1) मैसर्स तरंग कट पीस स्टोर (उधारकर्ता)** प्रथम बी रोड तरंग कट पीस स्टोर सरदारपुरा जोधपुर: 342001

**सह-उधारकर्ता/ओं का नाम: (2) श्री सुनील कुमार ननकानी (सह-उधारकर्ता)** 12 ए, नेहरू नगर, बी आर बिड़ला स्कूल के सामने की गली, जावर रोड, जोधपुर: 342008, **(3) श्रीमती विनीता ननकानी (सह-उधारकर्ता)** 12 ए, नेहरू नगर, बी आर बिड़ला स्कूल के सामने की गली, जावर रोड, जोधपुर: 342008, **(4) मैसर्स माँ सेलेक्शन (सह-उधारकर्ता) सरदारपुरा,** प्रथम बी रोड, जोधपुर: 342001, **(5) श्री कुणाल ननकानी (सह-उधारकर्ता)** 12 ए, नेहरू नगर, बी आर बिड़ला स्कूल के सामने की गली, जावर रोड, जोधपुर: 342008

**संपत्ति विवरण:** प्लॉट संख्या 12ए, खसरा संख्या 119, नेहरू नगर, ग्राम चोपासनी जागीर, जोधपुर: 342001 **सीमाएं: उत्तर:** प्लॉट संख्या 12 **दक्षिण:** प्लॉट संख्या 13 **पूर्व:** प्लॉट संख्या 31 **पश्चिम:** रास्ता 3 फीट चौड़ा

| | |
|---|---|
| बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार, भविष्य के ब्याज और लागत सहित) | **रु. 47,64,207/-** (सैंतालीस लाख चौसठ हज़ार दो सौ सात रुपये मात्र) |
| नीलामी की तिथि | 24 सितंबर 2025 |
| आरक्षित मूल्य | **रु. 58,45,000/-** (अट्ठावन लाख पैंतालीस हज़ार रुपये मात्र) |
| बयाना राशि जमा | आरक्षित मूल्य का 10% |
| न्यूनतम बोली वृद्धि राशि | रु. 10,000/- |
| इच्छुक खरीदारों के लिए संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय | 17 सितंबर 2025 सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक |
| केवाईसी दस्तावेज़ों / ईएमडी के प्रमाण आदि के साथ निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि और समय | 22 सितंबर 2025 केवाईसी दस्तावेज़ों के साथ शाम 4 बजे तक |
| ऑनलाइन ऑफ़र खुलने की तिथि और समय | 24 सितंबर 2025 सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे के बीच |

**नोटः इच्छुक बोलीदाता/क्रेता नीलामी कार्यवाही से संबंधित विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए आनंद राठी समूह की वेबसाइट www.rathi.com पर जा सकते हैं।**

यह प्रकाशन उपरोक्त उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/ओं/गारंटर को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9(1) के अंतर्गत निर्धारित 15 दिन का नोटिस भी है।

**दिनांक: 08 सितंबर 2025**
**स्थान: जोधपुर**

**हस्ता/- आनंद राठी ग्लोबल फाइनेंस लिमिटेड**
**अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**

## सार्वजनिक नोटिस

बड़े पैमाने पर जनता को सूचना दी जाती है कि मेरे ग्राहक मैसर्स प्रोफेक्टस कैपिटल प्रा. लिमिटेड का शाखा कार्यालय 701,702 और 709, ''द लैंडमार्क'' डी- 38 ए, अहिंसा सर्कल, अशोक मार्ग, सी- स्कीम, जयपुर-302 001 जयपुर, राजस्थान (ऋणदाता/बंधक) **वीर तेजाजी शिक्षण संस्थान नंद बाडमेर (उधारकर्ता) और प्रिंसिपल वीर तेजाजी नोबल्स अकादमी उच्छ माध्यमिक को ऋण सुविधा प्रदान करना चाहता है। व्यावसायिक उद्देश्य के लिए विद्याल्ये नंद बाड़मेर, श्री कंवरा राम, श्री अंबा राम, सुश्री रूपा राम, सुश्री तीजों देवी (सह-उधारकर्ता) और प्रिंसिपल वीर तेजाजी नोबल्स अकादमी उच्च माध्यमिक विद्यालये नन्द बाड़मेर (बंधककर्ता) ने उधारकर्ता** को स्वीकृत ऋण सुरक्षित करने के लिए निर्धारित संपत्ति पर बंधक बनाने पर सहमति व्यक्त की।

ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता ने मेरे मुवक्किल को पुष्टि की है और घोषित किया है कि ऋणी को संबंधित उप-पंजीयक कार्यालय में विधिवत पंजीकृत दिनांक 02.05.2025 के विक्रय विलेख के माध्यम से अनुसूचित संपत्ति का स्वामित्व प्राप्त हो गया है।

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता ने आगे पुष्टि की कि मूल चेन बिक्री विलेख दिनांक 30.07.2021, जिसका दस्तावेज संख्या 202103078102853 है, खो गया है या गलत जगह पर रख दिया गया है और पूरी जांच के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया है।

उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता ने ऋणदाता को पुष्टि, घोषणा और आश्वासन दिया है कि उपर्युक्त संपत्तियां किसी भी बंधक, पट्टे, ऋण, ज़मानत, हानि, उत्तराधिकार, आरक्षण, अधिग्रहण, अधिग्रहण या अन्यथा के अधीन नहीं हैं और सभी भारों से मुक्त हैं और उनके पास स्पष्ट और विपणन योग्य स्वामित्व है और बंधक रखने और उक्त संपत्ति से निपटने का विशेष अधिकार है।

इसलिए किसी भी व्यक्ति (व्यक्तियों) को बिक्री, उपहार, पट्टा, उत्तराधिकार, विनिमय, बंधक, प्रभार, ग्रहणाधिकार, ट्रस्ट, लाभकारी हित, कब्जा, सुखभोग, किरायेदारी, उप-किरायेदारी, लाइसेंस, दृष्टिबंधक, रखरखाव, उत्तराधिकार, मुख्तारनामा, आदेश, डिक्री, अधिनिर्णय कुर्की या अन्यथा किसी भी तरह से उक्त संपत्ति के किसी भी हिस्से में कोई अधिकार, शीर्षक, हित या दावा है, इसके द्वारा नीचे दिए गए दिनांक से 14 दिनों के भीतर सहायक दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में इसे ज्ञात करने की आवश्यकता है, ऐसा न करने पर मेरा ग्राहक ऐसे किसी भी दावे के संदर्भ के बिना ऋण वितरित करने के लिए आगे बढ़ेगा और यदि कोई हो, तो उसे माफ कर दिया गया और या त्याग दिया गया माना जाएगा।

**अनुसूची**

**भूमि का एक टुकड़ा और टुकड़ा खसरा नंबर 813/241 ग्राम मौजा, तहसील बिसाला जिला बाड़मेर राजस्थान स्थित है, रकबा 0.1619 हेक्टेयर**

**एडवोकेट राजीव मित्तल**
संपर्क संख्या: 9414048652
ईमेल पता: rvpartners18@gmail.com
कार्यालय पता: ए-19, वैशाली मार्ग, वैशाली नगर, जयपुर, 302021, राजस्थान


स्वत्वाधिकारी स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक युवराज सिंह के लिए माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एम.जी.एच. रोड, जोधपुर से मुद्रित व प्लॉट नं. 104, भगत की कोठी, न्यू पाली रोड, जयश्री स्कूल के पास, जोधपुर से प्रकाशित। सम्पादक युवराज सिंह, पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किये गये विचारों से सम्पादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय सम्बन्धी सभी मामले जयपुर में निपटाये जायेगें। प्रकाशक की लिखित अनुमति के बिना पूर्णतः व आंशिक व पूर्ण प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबन्धित है। सम्पादक—युवराज सिंह मोबाईल नम्बर : 9829410051 ई—मेलः yuvrajsinghh@gmail.com